वार्षिक परीक्षा 2021-22

कक्षा - 8

विषय -हिन्दी

समय : 2:30 घण्टा

पूर्णांक : 80

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों के अंक सम्मुख अंकित किए गए हैं।

aglasem.com

खण्ड - 'क'

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** $2 \times 4 = 8$

फिल्म की नायिका जुबैदा थीं। नायक थे विट्ठल। वे उस दौर के सर्वाधिक पारिश्रमिक पाने वाले स्टार थे। उनके चयन को लेकर भी एक किस्सा काफी चर्चित था। विट्ठल को उर्दू बोलने में मुश्किलें आती थीं। पहले उनका बतौर नायक चयन किया गया, मगर इसी कमी के कारण उन्हें हटाकर उनकी जगह मेहबूब को नायक बना दिया गया। विट्ठल नाराज़ हो गए और अपना हक पाने के लिए उन्होंने मुकदमा कर दिया।

(क) आलमआरा फिल्म की नायक और नायिका का नाम बताइए।

(ख) 'वे उस दौर के सर्वाधिक पारिश्रमिक पाने वाले स्टार थे।' प्रस्तुत पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) मेहबूब को नायक बनाने के पीछे क्या कारण था?

(घ) 'सर्वाधिक' शब्द का संधि विच्छेद है-

1. सर्व + अधिक
2. सर्वा + अधिक
3. सव + अंधिक
4. सर्वा + आधिक

प्र. 2 **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** $2 \times 5 = 10$

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

docs.aglasem.com

aglasem.com

(क) कृष्ण अपनी माता से किसके बारे में पूछ रहे हैं?

(ख) प्रस्तुत पद्यांश के आधार पर बताइए कि चोटी किसके समान लोटती दिखाई देगी?

(ग) चोटी का लालच देकर माता यशोदा कृष्ण को कैसा दूध पिलाती है?

(घ) श्रीकृष्ण के आग्रह करने पर भी माता यशोदा कृष्ण को क्या खाने के लिए नहीं देती है?

(ङ) 'नागिन-सी' में कौन-सा अलंकार है?

1. अनुप्रास
2. यमक
3. श्लेष
4. उपमा

प्र. 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- $2 \times 4 = 8$

(क) निश्चयवाचक सर्वनाम कौन सा है?

1. कौन
2. कुछ
3. किसी
4. वह

(ख) उपसर्ग क्या होते हैं?

1. शब्द
2. वर्ण
3. स्वर
4. शब्दांश

(ग) दिन में 'इक' प्रत्यय जुड़कर शब्द बनता है -

1. दैनिक
2. दानिक
3. दौनिक
4. उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(घ) 'आँखें नीची होना' मुहावरे का अर्थ है -

1. गर्व का अनुभव करना
2. अत्यन्त प्रसन्न होना
3. लज्जित होना
4. दुखी होना

प्र. 4 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - $2 \times 5 = 10$

(क) 1000 ई0 के आसपास अफगानिस्तान के सुल्तान..... ने भारत पर आक्रमण करने आरम्भ किए।

(ख) अबुल फज़ल ..... के दरबारी कवि थे।

(ग) सिख धर्म के संस्थापक..... थे।

(घ) नेशनल कांग्रेस की स्थापना ..... में हुई थी।

(ङ) बम्बई में 7 और 8 अगस्त 1942 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने खुली सभा में उस प्रस्ताव पर विचार किया और बहस की जो अब..... ..... नाम से जाना जाता है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

खण्ड - 'ख'

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 4 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए - $4 \times 8 = 32$

(क) क्या चिट्ठियों की जगह कभी फैक्स, ई-मेल, टेलीफोन तथा मोबाइल ले सकते हैं?

(ख) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है? स्पष्ट कीजिए।

(ग) तलवार का महत्व होता है म्यान का नहीं - उक्त उदाहरण से कबीर क्या कहना चाहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'कामचोर' कहानी क्या संदेश देती है?

(ङ) 'पानी परात को हाथ छुओ नहिं, नैनन के जल सों पग धोए' कविता की पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

(च) बिलवासी जी ने रूपयों का प्रबन्ध कहाँ से किया था? लिखिए।

(छ) लेखक को ओस की बूँद कहाँ मिली?

(ज) घायल अवस्था में यदि कोई पक्षी आपके घर में आ गिरे तो ऐसी स्थिति में आप क्या करेंगे?

खण्ड - 'ग'

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित हैं।)

प्र. 6 शुल्क माफ़ी हेतु अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए। 06

प्र. 7 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए - 06

(क) मेरी अविस्मरणीय यात्रा।

(ख) मेरा प्रिय खेल।

(ग) अनुशासन।

docs.aglasem.com

aglasem.com